'हरियाणा-अफ्रीका कॉन्क्लेव, सीरीज़-1'

चर्चा में क्यों?

28-29 अक्तूबर, 2021 को हरियाणा और अफ्रीका के बीच राजनयिक तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मज़बूत करने के लिये दो दिवसीय 'हरियाणा-अफ्रीका कॉन्क्लेव, सीरीज़-1' का आयोजन किया गया। इसमें अफ्रीका और हरियाणा के बीच द्विपक्षीय व्यापार तथा कनेक्टिविटी बढ़ाने पर बल दिया गया।

प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय विदेश मंत्रालय के परामर्श पर हरियाणा सरकार के तत्वावधान में राज्य के विदेश सहयोग विभाग द्वारा 'गो ग्लोबल अप्रोच के माध्यम से हरियाणा को बदलना' शीर्षक के तहत आयोजित इस कॉन्क्लेव में 12 अफ्रीकी राष्ट्रों, नामत: मलावी, मोजाम्बिक, तंजानिया, मेडागास्कर, नाइजीरिया, इरिट्रिया, जिम्बाब्वे, युगांडा, सेनेगल, केन्या, इथियोपिया और घाना के राजदूतों एवं वरिष्ठतम दूतावास अधिकारियों और हरियाणा के मंत्रियों एवं उच्चाधिकारियों ने भाग लिया।
- इस पहले हरियाणा-अफ्रीका कॉन्क्लेव का उद्देश्य आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करना है, क्योंकि इससे न केवल सहयोग करने के लिये एक रूपरेखा और अवसर पैदा होंगे, बल्कि दोनों क्षेत्रों के लोगों के बीच आपसी संबंध भी बढ़ेंगे। यह कॉन्क्लेव लंबे समय से चली आ रही दोस्ती को और सुदृढ़ करने की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है, जिससे दोनों क्षेत्रों के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।
- कॉन्क्लेव के पहले दिन, दोनों क्षेत्रों के बीच प्रचलित सांस्कृतिक संबंधों को समझने के लिये हरियाणा सरकार द्वारा जिमखाना क्लब, चंडीगढ़ में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम और उसके बाद रात्रिभोज का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला (एनजेडसीसी) द्वारा हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के लोक नृत्य प्रस्तुत किये गए।
- इसी प्रकार 29 अक्तूबर, 2021 को कॉन्क्लेव के दूसरे दिन अफ्रीकी देशों और हरियाणा के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के विचार-विमर्श सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि, कौशल विकास, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, खेल, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पारस्परिक हित और कई अन्य क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।
- उल्लेखनीय है कि हरियाणा राज्य और अफ्रीकी महाद्वीप कई समानताएँ साझा करते हैं, दोनों क्षेत्र कृषिप्रधान हैं और युवा जनसांख्यिकीय एवं बड़े उपभोक्ता बाज़ार का लाभ ले रहे हैं। ये तालमेल हरियाणा और अफ्रीका के बीच स्थायी आर्थिक कारोबार एवं द्विपक्षीय संबंधों के निर्माण के लिये एक मज़बूत आधार प्रदान करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-africa-conclave-series-1